# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2017-18

# झुन्झुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति



(संस्था को 25 वर्ष पूर्ण होने पर चुरू जिले के बुटिंया ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त जिले का प्रथम ग्रांम के शपथ ग्रहण में बाल आयोग की अध्यक्षा श्रीमती मनन चतुर्वेदी, जिला कलेक्टर ललीत गुप्ता, पुलिस अधिक्षक राहुल बारहठ, मुख्य न्यायिक अधिकारी राजेष दड़िया व संस्था अध्यक्ष राजेष अग्रवाल आदि।)

राजकीय महल उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय के सामने, वार्ड न. 37 झुन्झुनू ( राज. ) 333001
Tel.& Fax No. : 01592-230952, 239089
E-mail : jzpss_c1@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com, childline1098@churu@gmail.com
Website: www.jzpss.org

# अध्यक्ष की कलम से...



मेरे प्यारे साथियों,

संस्था झुंझुंनू जिला पर्यावरण सुधार समिति को इस वर्ष 26 वर्ष पूर्ण कर यह सब आप सभी का प्रेम व आर्षीवाद का फल है। 26 वां वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुये अत्यन्त हर्ष हो रहा है। 15 अगस्त 1991 में मैंने इस संस्था की स्थापना कर 17 फरवरी 1992 से वैधानिक रजिस्ट्रेषन करवाकर पर्यावरण के क्षैत्र में कार्य करना प्रारम्भ किया परन्तु मुझे आभास हुआ कि समाज में और भी अन्य मुददे है, जिन पर संस्था को कार्य करने की आवष्यकता है। वर्तमान में संस्थान विभिन्न मुददो को लेकर कार्य कर रही है, ताकि आम जन का सर्वागिण विकास हो सके। संस्थान सरकार व समुदाय की भागीदारी से आम नागरीकों के जीवन में खुषी एंव समृधी लाने का हर संभव प्रयास कर रही है।

संस्थान के लिए वर्ष 2017–18 काफी चुनौतिपूर्ण रहा लेकिन चुनौतियों के साथ–साथ अनेक उपलब्धियों भी प्राप्त करने का अवसर मिला। राज्य एंव जिला स्तर पर प्रषासन के साथ मिलकर काम करना तथा आम जन के साथ गहरा जुड़ाव संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि रही। साथ ही बालिका सरंक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर संस्थान को महिला अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के द्वारा राज्य स्तरीय ''गरीमा बालिका सरंक्षण सम्मान योजना 2016'' से नवाजा गया है।

संस्थान का प्रारम्भ से ही प्रयास रहा है सरकार तथा आमजन के मध्य कड़ी का काम करते हुये दोनो की सक्रिय भागीरदारी सुनिष्चित करने कार्य मिल जाये।

संस्थान बाल अधिकार, महिला उत्पीड़न, स्वास्थय पोषण, आजिविका, पीने के पानी, षिक्षा, मातृ एंव षिषू स्वास्थय, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, पर्यावरण सरंक्षण, सड़क सुरक्षा तथा अनाथ एंव बेसहारा बच्चो, स्वच्छ भारत अभियान, हस्तषिल्पियों के साथ, जन औषधी केन्द्र सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दो पर परियोजनाओ का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

झुंझुंनू जिला पर्यावरण सुधार समिति ने अपने संविधान एंव उद्देष्य के अनुरूप विभिन्न विषयों पर कार्य किया है। देष–प्रदेष व जिला स्तर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं एवं विभाग के सहयोग व समन्वय तथा व्यापक जन भागीदारी से सभी स्तरो पर संस्था की सुदृीढ़ शाख बनी है। संस्था द्वारा किये गये कार्यो के लिए समय–समय पर संस्थान को जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाता रहा है, जिससे संस्थान को और मजबूती से समाज के लिए उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती रही है। संस्थान द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों एंव परियोजना के सफल क्रियान्वयन में समुदाय, केन्द्रीय, राज्य तथा झुंझुंनू, चुरू, सीकर व अजमेर जिला प्रषासन का पूर्ण सहयोग रहा है, जिसका में आभार प्रकट करता हूं साथ ही इनके अतुलनीय सहयोग की अपेक्षा भविष्य में भी करता हूं। में संस्था के समस्त सदस्यों व कर्मठ कार्यकर्ता के सहयोग तथा मार्गदर्षन प्रदान के लिए आभारी हूं।

वर्ष 2017–18 का वार्षिक प्रतिवेदन आपको सादर समर्पित है। आगामी वर्षो मे भीं सभी को साथ लेकर समाज के हर वर्ग तक पहुंच कर उनको सर्वागीण विकास करना हमारा ध्येय है। मैं पुनः सभी सहयोगीयों का तहेदिल से संस्था को 26 वर्ष पूर्ण होने पर आभार प्रकट करता हूं।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ

अध्यक्ष
**राजेश अग्रवाल**

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

“राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2004 एवं राज्य स्तरीय गरीमा बालिका संरक्षण पुरस्कार 2016”
प्राप्त व आई.एस.ओ. प्रमाणित प्रदेश की स्वंय सेवी संस्था

## युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

भारत –सरकार व राज्य–सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संस्था का रजिस्ट्रेशन न.

1. **Reg. No. :- jjn/102/91-92**
2. **FCRA No. :- 125620006**
3. **PAN No. :- AAATJ5362J**
4. **80G No. :- J./06-07/1998/J.1**
5. **12A. :- 204/15**
6. **MSME. :- R.G.U.M.Y. UMRA53000437**
7. **Nyk No.:- JHUNJHUNU/2002-2003/07**
8. **LAOBUR DEPT.:- SHJ/5222/2005**
9. **ISO Certificate:- 9001-2015**
10. स्वैछिक क्षेत्र विकास केन्द्र से सदस्यता प्रमाण पत्र–प.4(12)स्वै.वि.के. / आयो / 13 / स. क.–195
11. महिला एंव बाल विकास विभाग जयपुर द्वारा सेवाप्रदाता पंजीकरण प्रमाण पत्रः–16(1)(38)निमअ / 09 / से.प्र.–11
12. चिकित्सा एवं स्वास्थय परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदत खाद्य सुरक्षा प्रमाण पत्र–12217031000006 दिनांक 04.01.2017
13. ड्रग लाईसेंस अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक झुंझुंनू – 5604
14. ड्रग लाईसेंस अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक चुरू – 7090–91
15. गुड सर्विस टैक्स (G.S.T.) Registration Number : 08AAATJ5362J3ZE DATE 14-05-2018

Jhunjhunu Zila Paryavaran Sudhar Samiti

## राजस्थान सरकार द्वारा विभिन्न राजकीय विभागो व उपक्रमों में मनोनित सदस्य

1. राष्ट्रीय महिला कोष नई दिल्ली AGM बैठक का सदस्य।
2. राजस्थान वॉलन्टरी हैल्थ एसोसियन जयपुर की प्रबंध कार्यकारिणी का सदस्य।
3. सी.एन.आर.आई. दिल्ली के राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष।
4. श्रीमती डॉ0 भावना शर्मा जिला एवं सेशन न्यायाधीश झुंझुंनू के द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर योन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम 2013 के अधीन गठित कमेठी का सदस्या के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई।
5. जिला पर्यावरण समिति व परि संकटमय अपशिष्टों में गठित कमेटी में सदस्यः— वन विभाग राजस्थान—सरकार।
6. बीड़ सरंक्षण कमेठीः—वन विभाग राजस्थान—सरकार।
7. जिला यातायात समितिः— जिला परिवहन अधिकारी झुंझुंनू।
8. कामकाजी महिलाओं के उत्पीड़न रोकथाम हेतूः— जिला कलेक्टर झुंझुंनू।
9. ''बेटी बचाओ बेटी पढाओं''अभियान के जिला स्तरीय टॉस्कफोर्स का सदस्यः— जिला कलेक्टर झुंझुंनू व चुरू।
10. जिला स्तर पर ''पेड न्यूज पर निगरानी हेतू मीडिया मॉनिटेंरिंग'' कमेठी का सदस्यः— जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलेक्टर झुंझुंनू।
11. जिला सर्तकता एंव मॉनिटरिंग सैल समिति स्थानीय सांसद के अध्यक्षता में सदस्य।
12. सांसद आदर्श ग्रांम योजना (एसजीवाई) की समिति का सदस्य।
13. राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम की जिला स्तर की समीक्षा समिति का सदस्य।
14. जिला स्तरीय सलाहकार समिति केन्द्रीय भू—जल दोहन हेतू जिला कलेक्टर सीकर।
15. डीआरजी (District Recource Group) का सदस्य महिला एंव बाल विकास विभाग झुंझुंनू ।
16. राज्य में विकेन्द्रीकृत एंव सहभागी ग्राम पंचायत विकास योजना की जिला स्तर पर कमेठी के सदस्य कार्यलय मुख्य आयोजना अधिकारी झुंझुंनू
17. मुख्य मंत्री जल स्वालम्बन योजना की जिला स्तरीय कमेठी के सदस्य कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद झुंझुंनू
18. श्रीमती मंजू शर्मा को कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतू कार्यालय में आन्तरिक शिकायत समिति के गठन की सदस्या बनाई गई, राज्य बीमा एंव प्रा.नि.विभाग झुंझुंनू।
19. राज्य बालिका निति क्रियान्वयन एवं पर्यवक्षण हेतू जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेठी चुरू का सदस्य ।

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

# EXECUTIVE COMMITTEE MEMBERS



**Sh. Rajesh Agarwal**
President



**Sh. Anwar Khan**
Secretary



**Sh. Raviprakash Agarwal**
Treasurer



**Smt. Santosh Katewa**
Vice President



**Smt. Prvesh Lamoriya**
Exe. Member



**Smt. Kiran Biyala**
Exe. Member



**Sh. Surendra Singh**
Exe. Member



**Sh. Rajkumar Kumawat**
Exe. Member



**Sh. Liyakat Ali**
Exe. Member

Reg.No. JJN/102/1991-92

# झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति

# JHUNJHUNU ZILA PARAYAVARAN SUDHAR SAMITI

**Head Office**
Near Chomalo ki kutiya
Opp.Gov.Girls mahal School
Ward No.37 Jhunjhunu (Raj.)
Email.jzpss_c1@yahoo.co.in
01592-230952, 9414080952

**ISO Registration No.**
9001:2015
www.jzpss.org

**Branch Office**
Anganbari Worker Training Centre
Jyoti Nagar-Agarsen Nagar
Churu (Raj.) Ph. 01562-254586
250700/ 813
jjnjzpss@gmail.com

Ref. No.: JZPSS/

Dated:

## संस्था की आम सभा दिनांक 13 मई 2016 में निर्वाचित प्रबंध कार्य कारिणी की सूची

## Exeutive Committee for the year 2016-17

| Designation | Name | Profession | Address | Telephone No. |
|---|---|---|---|---|
| President | Sh. Rajesh Agarwal | Social Worker | Near Bank of Rajshthan Buildiang Singhana, Distt. Jhunjhunu | 01593-222613 9414080952 |
| Secretary | Sh. Anwar Ali | Industrialist | C-28 Indiara Nagar Jhunjhunu | 9414305925 |
| Trasurer | Sh. Ravi Prakash Agarwal | Businessman | Ravi MisthanBhandarSinghana, jhunjhunu0 | 01593-22058 |
| Vice President | Smt. Santosh Katewa | Social Worker | V.Po. Khudana , Jhunjhunu | 9829769137 |
| Exe. Member | Sh, Surender Singh | Social Worker | V.Po. Hirawa , jhunjhunu | 9694965851 |
| Exe. Member | Smt. PraveshLamoriya | AWTC Principle | om Colony churu | 8764285693 |
| Exe. Member | Sh. RajkumarKumawat | Social Worker | V.Po. BaBai , Jhunjhunu | 9461544152 |
| Exe. Member | Smt. KiranBiyala | Advocate | Housing Board jhunjhunu | 9414332111 |
| Exe. Member | Sh, Liyakt Ali | Property Dealer | MohalalaKhora jhunjhunu | 9887426786 |

अध्यक्ष　　　　सचिव　　　　कोषाध्यक्ष

31-5-2016

FCRA No. 125620006 , 80G No. 1/06-07/1998/11, Registered under RGUMY (MSME) UM Code. UMRA053000437
Affiliated with NYK No. NYK/Jhunjhunu/2002-2003/07,PAN No. AAATJ5362J

# झुन्झुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति के कार्यकर्ताओं की सूची

| क्र. सं. | नाम | योग्यता | पद | पद स्थापित स्थान | फोन नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश अग्रवाल | बी. कॉम | अध्यक्ष | झुंझुंनू | 9414080952 |
| 2 | श्री भंवर लाल वर्मा | एम.कॉम | प्रधान लेखाकार | झुंझुंनू | 9828864670 |
| 3 | श्री राजकुमार कुमावत | एम.ए. समाजशास्त्र | क्षैत्रीय प्रबंधक | श्रीमाधोपुर | 9461544152 |
| 4 | श्री रामावतार पारीक | एम.ए.समाजशास्त्र | जिला समन्वयक | सीकर | 9799282898 |
| 5 | सुश्री दुर्गा माहीच | एल.एल.बी. | केन्द्राधीक्षक सखी वन स्टॉप सेन्टर | अजमेर | 9928071545 |
| 6 | श्रीमती सरोज देवी | एम.ए. | केन्द्राधीक्षक सखी वन स्टॉप सेन्टर | झुंझुंनू | 9414232917 |
| 7 | सुश्री दिपिका बोयत | एल.एल.बी. | परामर्शदाता महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | अजमेर | 9772923784 |
| 8 | श्रीमती चेतना शर्मा | एम.ए. | परामर्शदाता महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र | झुंझुंनू | 9461511002 |
| 9 | राखी आलड़िया | एम.ए. | परामर्शदाता महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र | झुंझुंनू | 7732851702 |
| 10 | मोहम्मद सोयब तंवर | एम.बी.ए. | स्वयं सहायता समूह एरिया कोर्डिनेटर | सीकर | |
| 11 | श्रीमती गुडडी देवी | बी.ए. बी.एड | मुख्य अनुदेशिका आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चूरू | 9928895534 |
| 12 | श्रीमती अनु कवंर | एम.एस.सी. होम साईन्स | अनुदेशिका आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चुरू | 7665653020 |
| 13 | कुमारी उषा तनान | एम.ए. बी.एड. | वार्डन आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द | चुरू | 8432261874 |
| 14 | श्री शिल्की अग्रवाल | बी.कॉम | लेखाकार आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चूरू | 8955869084 |
| 15 | श्री मुकेश वर्मा | एम.ए. | कम्पयूटर ऑपरेटर आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चुरू | 9509815298 |
| 16 | श्री दिनेश पणिहार | 12 वी | कूक आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चूरू | 7023537899 |
| 17 | श्री अभिनव सरीन | एम.बी.बी.एस.,फिजीशियन | विजिटींग डॉक्टर आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चूरू | |
| 18 | कुमारी लक्ष्मी भार्गव | एम.ए. | सामाजिक कार्यकर्ता बालिका आश्रय गृह | चुरू | 9414596127 |
| 19 | श्रीमती पिंकी देवी | बी.ए. | केयर गीवर बालिका आश्रय गृह | चुरू | |
| 20 | श्रीमती मंजू शर्मा | 12 वी | आउट रीच वर्कर बालिका आश्रय गृह | चुरू | 9784415882 |
| 21 | श्री राहुल गढ़वाल | 12 वीं | हैल्पर बालिका आश्रय गृह | चुरू | |
| 22 | श्री आनन्द सिंह | बी.ए. | परामर्शदाता चाईल्ड लाईन 1098 जिला समन्वयक | चुरू | 9785265442 |
| 23 | कुमारी पूनम कंवर | बी.ए. | चाईल्ड लाईन टीम मेंम्बर 1098 | चुरू | 9057882078 |
| 24 | श्री जयकरण | 12वीं | चाईल्ड लाईन टीम मेंम्बर 1098 | चुरू | 7297051641 |
| 25 | श्री किशन वर्मा | 12 वी | चाईल्ड लाईन टीम मेंम्बर 1098 | चूरू | 9887200546 |
| 26 | कुमारी राजेश शर्मा | ड्रग फार्मिसस्ट | जन औषधी केन्द्र | चुरू | 9660391797 |
| 27 | श्री अमित कुमार | एम. कॉम | टीम लीडर आर.एफ.बी.पी.–02 | झुंझुंनू | 7427060086 |
| 28 | श्री भंवर सिंह | एम.ए. | जिला समन्वयक स्वंय सहायता समूह | झुंझुंनू | 9468719358 |
| 29 | श्री अमित स्वामी | 12 वी | कार्यकर्ता स्वय सहायता समूह | झुंझुंनू | 7976899826 |
| 30 | श्री सजंय कुमार | 7 वी | ड्राईवर | झुंझुंनू | 9468674461 |
| 31 | श्री संजय कुमार | 8 वीं | सहायक कर्मचारी | झुंझुंनू | |
| 32 | श्रीमती सुनिल देवी | बी.ए. | कार्यकर्ता दोराता की ढाणी | खेतड़ी | 9057110827 |
| 33 | श्रीमती संतोष देवी | 12 वी | सहायिका दोराता की ढाणी | खेतड़ी | 8107403464 |
| 34 | श्रीमती माया देवी | 12 वी | कार्यकर्ता ढाणी लालोड़ा | खेतड़ी | 8769268642 |
| 35 | श्रीमती संतोष देवी | 10 वी | सहायिका ढाणी लालोड़ा | खेतड़ी | 7424955605 |
| 36 | श्रीमती मंजू देवी | 12 वीं | कार्यकर्ता जादू वाली ढाणी ढांणा | खेतड़ी | 7737271434 |
| 37 | श्रीमती बेबी देवी | 12 वी | सहायिका जादू वाली ढाणा | खेतड़ी | 7690882683 |
| 38 | श्रीमती दुर्गा मीणा | बी.ए. | कार्यकर्ता डाडा फतेहपुरा बंजारा बस्ती | खेतड़ी | 8290866770 |
| 39 | श्रीमती कृष्णा देवी | 10 वी | सहायिका डाडा फतेहपुरा बंजारा बस्ती | खेतड़ी | 8504088109 |
| 40 | श्रीमती सीमा सैनी | 12 वी | कार्यकर्ता गागड़ वाली की ढाणी राजौता | खेतड़ी | 9785564565 |
| 41 | श्रीमती ज्योति देवी | 12 वी | सहायिका गागड़ वाली की ढाणी राजोता | खेतड़ी | 9521956349 |
| 42 | श्रीमती सुनिता शर्मा | बी.ए. | कार्यकर्ता पपूरना | खेतड़ी | 8890542865 |
| 43 | कुमारी रितू शर्मा | बी.ए. | सहायिका पपूरना | खेतड़ी | 9928707209 |
| 44 | श्री संतोष सैनी | बी.ए. | स्वंय सहायता समूह कोर्डिनेटर | श्रीमाधोपुर | 9782225062 |
| 45 | श्री ललित प्रसाद | 12 वीं | स्वंय सहायता समूह कोर्डिनेटर | खण्डेला | 8619734451 |

Jhunjhunu Zila Paryavaran Sudhar Samiti

# संस्थान का कार्यक्षैत्र



# संस्थान द्वारा संचालित परियोजना एवं कार्यकर्मो का विवरण

## पर्यावरण सरंक्षण

संस्था अपने नाम के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण के लिए हमेशा से ही समर्पित रही है। वन विभाग व संस्था के सौजन्य से 5 जून 2017 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमो का अयोजन किया गया 01 जून को सनराईज एकेडमी फौज का मौहल्ला में पर्यावरण बचाओं एवं धरती बचाओं पर जिला स्तरीय खूली निंबध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 03 जून को जवाहर पब्लिक सीनियर सैंकेण्डरी स्कूल इन्दिरा नगर में पर्यावरण विषयक पर जिला स्तरीय नारा लेखन प्रतियोगिता व इसी दिन आजम नगर स्थित सांईबाबा विद्यापीठ स्कूल में राजस्थान चिपको आंदोलन पर जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कि गई





विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में  जवाहर पब्लिक स्कूल नारा लेखन प्रतियोगिता, जवाहर पब्लिक स्कूल में राजस्थान चिपको आंदोलन प्रतियागिता में भाग लेते स्कूली छात्र

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र (AWTC) चूरू

समेकित बाल विकास सेवाऐं, राजस्थान सरकार के सौजन्य से संस्था द्वारा चूरू में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा है । जिसका मुख्य उददेश्य चुरू, गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर व झुंझुनू की आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका को पूनश्चर्या व कार्य प्रशिक्षण के माध्यम से बाल विकास, भोजन एंव पोषण, सामुदायिक सहभागिता, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की भूमिका, टीकाकरण एंव आंगनबाडी केन्द्र के बेहतरीन प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान करना । वर्ष 2017–18 में 32 प्रशिक्षण बेचों जिनमें 28 पुनश्चर्या एंव 4 कार्य प्रशिक्षण के माध्यम से 489 आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं एंव 642 आंगनबाडी सहायिकाओं को पूनर्श्चया व कार्य प्रशिक्षण व प्रशिक्षण दिया गया। व 22 प्रशिक्षणों के द्वारा 1099 आंगनबाडी कार्यकर्ता को आई.सीटी.आर.टी.एम. योजना के तहत मोबाईल एप का प्रशिक्षण दिया गया ।





(आंगनबाडी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को प्रशिक्षण के उपरान्त महिला एंव बाल विकास विभाग के उप निदेशक श्री वैद्य रामावतार शर्मा व संस्था अध्यक्ष राजेश अग्रवाल व प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षणार्थीयों को प्रशिस्ति पत्र देते एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति  व  मुख्य अनुदेशिका श्रीमती गुड्डी देवी)

## वर्ष 2017–18 में सम्पादित प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.स. | मानदेय कार्मिक | कार्य प्रशिक्षण | | पुनश्चर्या प्रशिक्षण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बैच की संख्या | प्रशिक्षणार्थीयो की संख्या | बैच की संख्या | प्रशिक्षणार्थीयो की संख्या |
| 1 | आगंनबाडी कार्यकर्ता | 4 | 130 | 11 | 359 |
| 2 | सहायिका | — | — | 17 | 642 |
| 3 | आंगनबाडी कार्यकर्ता आई.सीटी.आर.टी.एम. | 22 | 1099 | — | — |

प्रशिक्षण प्राप्त करने आई आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा मुख्य अनुदेशिका श्रीमती गुडी सोमरा के नेतृत्व में कारगिल युद्व के विजय दिवस की 18 वीं वर्षगांठ पर नव चयनित आंगनबाडी कार्यकर्ता, चाईल्ड लाईन, बालिका आश्रय गृह, प्रशिक्षण केन्द्र के स्टॉफ द्वारा जय हिन्द, वन्देमातरम के उदघोषो के साथ कैंडल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, किशारे न्याय बोर्ड के एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति आदि उपस्थित थे। व प्रशिक्षण प्राप्त करने आई आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को कम लागत की शालापूर्व शिक्षा की सामग्री का मुख्य अनुदेशिका श्रीमती गुड्डी सोमरा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।



शालापूर्व प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त करती आंगनबाडी कार्यकर्ता

## राजस्थान वानिकी एंव जैव विविधता परियोजना–2

राजस्थान वानिकी एंव जैव विविधता परियोजना–02 जापान से वित पोषित एक मेगा परियोजना है जो कि झुंझुंनू जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा जापान इन्टरनेशनल कॉपोरेशन एजेन्सी व वन विभाग राजस्थान के सहयोग से झुंझुनू जिले के चिड़ावा, झुंझुंनू व नवलगढ़ क्षैत्रीय प्रबंधन ईकाई में क्रियान्वित कि जा रही हैं। जिसका उददेश्य वन पर निर्भर लोगो के वन क्षैत्र एंवम आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए तथा वनीकरण और जैव विविधता सरंक्षण के माध्यम से पर्यावरण सरंक्षण और सामाजिक आर्थिक विकास में योगदान देना।

## परियोजना की मुख्य गतिविधियां



(राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना–02 के तहत स्वंय सहायता समूह के पदाधिकरियों को रिवॉल्विंग फण्ड का चैक का संस्था के टीम लीडर अमित कुमार जांगीड व वन विभाग के वन पाल इलियास द्वारा वितरण करते हुये )

- **स्वंय सहायता समूह का गठन, सशक्तिकरण एंवम प्रशिक्षण**

वन पर आधारित व्यक्तियों की पहचान कर गरीब एंव वन पर आधारित लोगो के इस वित्तिय वर्ष में 4 स्वंय सहायता समूह का गठन किया गया व 50000–50000रु का रिवॉल्विंग फण्ड का आय सर्जन गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए ऋण का वितरण किया गया। साथ ही 01 चिचंडौली के मां वैष्णो स्वंय सहायता समूह को पौधारोपण के लिए तकनीकि एंव व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### चाईल्डलाईन

संस्थान द्वारा चाईल्ड लाईन 1098 भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा चाइल्ड इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान के चुरू जिले में संचालित की जा रही है। इस वित्तिय वर्ष कुल 272 परिवाद आये जिनमें बाल विवाह के 16 केस, बाल मजदूर के 33, पालनहार के 98 केस, मिसिंग केस 10, दुर्व्यवहार 22, चिकित्सा संबधी 10, आश्रय गृह 10, भिक्षावृति 63, अन्य 04 परिवाद आयें है।







चाईल्ड लाईन 1098 के बाल सम्प्रेषण गृह में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व जिला कोर्डिनेटर के द्वारा बच्चो को चाईल्ड लाईन 1098 की जानकारी देते हुये व बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता की रैली निकालते हुये टीम मेंम्बर के सदस्य

चाइल्डलाइन भारत की पहली 24 घंटे चलने वाली जरूरत मंद बच्चों के लिए ,निःशुल्क राष्ट्रीय आपातकालीन फोन सहायता है, जिसकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए 1098 , टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं । हम केवल बच्चों की आपातकालीन जरूरतों के लिए जवाब देय नहीं है, बल्कि उनके लंबे समय तक देखभाल और पुनर्वास के लिए भी कार्य करते है।

चाईल्ड लाईन 1098 के तहत वर्ष 2017–18 के वित्तिय वर्ष में निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया 29.04.2017 बाल विवाह रोकथाम जागरूकता अभियान के तहत गांव बुटिंया में बाल विवाह रोकथाम के लिए अग्नि के सामने बाल विवाह रोकथाम का शपथ कार्यक्रम किया गया। 05.05.2017 को ऑपरेशन मिलाप (तहत 36 बच्चो का रेस्क्यू किया), 11.07.2017 को विश्व जनसख्ंया दिवस मनाया, 06.08.2017 को रक्षाबन्धन त्यौहार के उपलक्ष में कच्ची बस्ती के बच्चो के साथ मनाया, 07.011.2017 से 14.11.2017 तक चाईल्ड लाईन से दोस्ती सप्ताह का आयोजन किया, 27.02.2018 से 30.02.2018 सालासर बालाजी मैले के दौरान विशेष अभियान चलाया गया, 14.03.2018 को बच्चो के साथ स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया।

हम सामान्य रूप में सभी बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए काम करते हैं। लेकिन हमारा विशेष ध्यान देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों पर है, विशेष रूप से वो बच्चे जो अधिक कमजोर वर्गों में शामिल हैं।

चाइल्डलाइन निम्न के बच्चों की मदद के लिए कार्य करती है –

– स्ट्रीट बच्चों और सड़कों पर अकेले रहने वाले बच्चे

– बाल मजदूर असंगठित और संगठित क्षेत्र में काम करने वाले बच्चे

– घरेलू नौकर

– परिवार, स्कूलों या संस्थानों में शारीरिक /यौन /भावनात्मक दुरुपयोग से प्रभावित बच्चे ।

– बच्चे, जिन्हे भावनात्मक समर्थन और मार्गदर्शन की जरूरत है

– व्यावसायिक यौन कर्मियों के बच्चे

– अवैध एवं देह व्यापार के शिकार बच्चे

– माता पिता या अभिभावक द्वारा परित्यक्त बच्चे

– गुम बच्चे

– बच्चे, जो मादक द्रव्यों के सेवन के शिकार हैं

– विकलांग बच्चे

– कानून के साथ संघर्षरत बच्चे

– संस्थानों में काम करने वाले बच्चे

– मानसिक रूप से विकलांग बच्चे

– एचआईवी एड्स संक्रमित बच्चे

– संघर्ष और आपदा से प्रभावित बच्चे

– शरणार्थी बच्चे

– बच्चे जिनके परिवार संकट में हैं

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

## महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र

महिला अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के सहयोग से संस्था द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र महिला पुलिस थाना झुन्झुनू व अजमेर जिले में संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं का शोषण, अन्याय, घरेलू हिंसा आदि ऐसे अनेक अपराधो से बचाना तथा समझाईश व परामर्श के माध्यम से न्याय दिलवाना है। झुंझुंनू महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में इस वित्तिय वर्ष में 252 प्रकरण प्राप्त हुये जिनमें 41 डी.आई.आर. भरवाकर न्यायालय में जमा करवाई गई। 170 प्रकरणो में दहेज सम्बन्धि समझौता करवाया गया । महिला उत्पीड़न अत्याचार से सम्बन्धि 150 प्रकरणो में समझौता करवाया गया। 3 परिवाद की एफआईआर दर्ज करवाई गई। अजमेर में संस्था द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में कुल 613 प्रकरण प्राप्त हुये जिनमें समझाईश से 347 प्रकरणो का समझौता करवाया गया, 170 प्रकरण में महिलाओं को कोर्ट के द्वारा सहायता प्रदान की गई। तथा 96 प्रकरणो में महिला किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नही चाहती जिसकी सहायता प्रदान की गई। 03 प्रकरणो में की डीआईआर भरवारकर न्यायालय में पेश की गई।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र झुंझुंनू द्वारा सुनिता पुत्री प्रभातीराम निवासी बगड़ जो मानसिक रूप से मंदबुद्वि व तलाकशुदा है को जिला कलेक्टर श्री दिनेश कुमार यादव द्वारा 10 हजार रू0 की आर्थिक सहायता प्रदान करवाई गई।




(श्रीमान दिनेश कुमार यादव जिला कलेक्टर झुंझुंनू द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र के माध्यम द्वारा पीड़ित महिला को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुये, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र अजमेर में परामर्शदाता द्वारा परिवाद के सम्बन्ध में समझाईश करती हुई)

| क्र.स. | जिले का नाम | कुल प्राप्त प्रकरण | निस्तारित प्रकरण | लम्बित प्रकरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | झुंझुंनू | 252 | 235 | 17 |
| 2 | अजमेर | 613 | 613 | 0 |

## वन स्टॉप सखी सेन्टर (OSC)

महिला अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के सहयोग से संस्था द्वारा वन स्टॉप सखी सेन्टर का झुन्झुनू व अजमेर जिले में संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं का शोषण, अन्याय, घरेलू हिंसा, कानूनी सलाह, मेडिकल सुविधा आदि सुविधा एक ही छत के पीड़ित महिलाओं को मिले जिसमें झुंझुंनू में 171 पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलवाया गया। इसी प्रकार अजमेंर में संचालित वन स्टॉप सखी सेन्टर में 134 पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलवाया गया।

23.10.17 से 31.03.18 तक कुल प्राप्त प्रकरण त्र 134

| दिनांक | कुल प्रकरण | कुल प्रकरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | समझौता | पुलिस / कोर्ट कार्यवाही | महिला हस्तक्षेप नही चाहती | लम्बित |
| 23.10.17 से 31.03.18 तक | 134 | 61 | 52 | 21 | 0 |



माननीय राज्यमंत्री महोदया, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रीमती अनिता भदेल द्वारा दिनांक 23.10.2017 को वन स्टॉप सेन्टर ''सखी'', अजमेर का रिबन काटकर उद्घाटन करते हुए।





(एक दिवसीय कार्यशाला में महिलाओं को वन स्टॉप सखी सेन्टर की सुविधाओं के बारे में जानकारी देती परामर्शदाता श्रीमती प्रीति शर्मा एवं परिवाद के सम्बन्ध में समझाईश करती केन्द्राधीक्षक सुश्री दुर्गा माहीच)

# महिला सशक्तिकरण के बढ़ते कदम

## महिला स्वंय सहायता समूह कार्यक्रम

### राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)

संस्था विभिन्न विभागों के सहयोग से सीकर, झुंझुनू व चुरू जिलो में महिला स्वंय सहायता समूह का गठन, स्वरोजगार से जोड़ना, प्रशिक्षण आदि कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न कर रही है स्वंय सहायता समूह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण बढ़ाने में सफल सिद्व हुये है।

| राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से गठित समूह | | | |
|---|---|---|---|
| जिला सीकर | समूह गठन | लाभान्वित सदस्य | बैंक ऋण |
| | 92 | 920 | 32 समूह |
| जिला झुंझुंनू | 20 | 200 | 02 समूह |



(भीमराव स्वंय सहायता समूह श्रीमाधोपुर की महिलाओं को पातल डोना बनाने का कार्य शुरू करवाया गया )



(संस्था के निदेशक राजकुमार कुमावत द्वारा स्वंय सहायता समूह की मासिक बैठक लेते हुये )

### दीन दयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन (DAY-NULM)

संस्था द्वारा सीकर व चुरू जिले में विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर परिषद में भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा संचालित दीन दयाल अन्तोदय राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन के अन्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन शहरी महिलाओं को स्वंय सहायता समूहों से जोड़कर बचत बैंक ऋण एवं स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य सफलता पूर्वक कर रही है।

| दीन दयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन (**DAY-NULM**) के सौजन्य से गठित समूह | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नगर परिषद सीकर | समूह गठन | लाभान्वित सदस्य | रिवॅाल्विग फण्ड वितरित | बैंक ऋण | ए.एल.एफ गठन |
| नगर परिषद सीकर | 55 | 550 | 55 | – | 01 |
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर | 25 | 250 | 25 | 03 समूह | – |
| नगर पालिका खण्डेला | 31 | 310 | 31 | – | – |
| नगर पालिका नीमकथाना | 24 | 240 | 24 | 03 समूह | – |
| नगर परिषद चुरू | 03 | 30 | 03 | – | 02 |



(नगर पालिका श्रीमाधोपुर में समूह को रिवॉल्विंग फण्ड वितरित करते हुये विधायक श्रीमान झाबर सिंह खर्रा, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती कुसुम देवी पुरी, अधिशाषी अधिकारी श्री मनोहर लाल)



(नगर पालिका खण्डेला में स्वंय सहायता समूहो को रिवॉल्विग फण्ड वितरित करते हुये चिकित्सा एवं स्वास्थय राज्य मंत्री श्रीमान बंशीधर बाजिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्री पवन कुमार, जिला परियोजना अधिकारी अरविन्द सामोर, अधिशाषी अधिकारी प्रिंयका बुडानिया)

संस्था द्वारा संचालित स्वंय सहायता समूहों में कुछ समूह स्वंय की बचत करने में अव्वल रहे है उक्त समूह अपनी बचत का अपने सदस्यों में लेन–देन करके सेठ साहुकार से अधिक ब्याज पर रूपये उधार लेने से बच रहे है। जो निम्न प्रकार हैः–

| क्र.स. | स्वंय सहायता समूह का नाम | गांव | ब्लॉक | कुल बचत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महारानी SHG | दिवराला | श्रीमाधोपुर | 268500.00 रू0 |
| 2 | मां गायत्री SHG | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | 169607.00 रू0 |
| 3 | भीमराव SHG | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | 115200.00 रू0 |
| 4 | राज SHG | प्रितमपुरी | नीमकाथाना | 91000.00 रू0 |
| 5 | अम्बे SHG | नांगल | श्रीमाधोपुर | 76000.00 रू0 |

संस्था द्वारा अब तक विभिन्न बैंकों के माध्यम से सीकर, झुंझुनू व चुरू जिलो में गठित स्वंय सहायता समूहों को कम ब्याज दर पर बैंको से ऋण सहायता उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान कर रही है। बहुत से स्वंय सहायता समूह जिनको बैंको के माध्यम से तीन से चार बार ऋण उपलब्ध करवाया जा चुका है एंव संस्था प्रतिनिधि द्वारा समूहो की मासिक बैठक, समूहों का रिकॉर्ड संधारण करना एवं बैंकों के द्वारा प्रदान ऋण की किस्तो की अदायगी समय पर करवाई जा रही है। संस्था द्वारा मुख्य रूप से आईसीआईसीआई बैंक,बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया आदि बैंकों से समूहो को जोड़कर ऋण सहायता दिलवाई जा रही है।



(स्वंय सहायता समूह को बैंक ऋण के समय सदस्यों की बैठक लेते हुये संस्था निदेशक राजकुमार कुमावत के साथ आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारी मुकेश पुनियां)



(स्वंय सहायता समूहो को बैंक ऋण के समय सदस्यो की बैठक लेते हुये बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा के प्रबंधक आत्माराम चेजारा व संस्था निदेशक राजकुमार कुमावत )

संस्था द्वारा संचालित स्वंय सहायता समूहों को समय–समय पर वित्तिय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम, तकनीकि विकास उन्नयन कार्यक्रम, उत्पादन एंव विपणन प्रशिक्षण तथा सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षण उपलब्ध करवाकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य संस्था कर रही है सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी संस्था द्वारा स्वंय सहायता समूहो की महिलाओं को जागरूक करने के लिए किये जा रहे है इन सभी कार्यक्रमों से महिलाओं को आत्मबल प्राप्त हुआ है एवं समूह की अधिकांश महिलाऐं अपना स्वरोजगार शुरू कर आमदनी प्राप्त कर रही है। जो निम्न प्रकार हैः–

| क्र.स. | समूह का नाम | गांव | ब्लॉक | आय सर्जन गतिविधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भीमराव SHG | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | पातल डोना |
| 2 | शंकर SHG | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | राखी एवं सिलाई करना |
| 3 | राज SHG | प्रितमपुरी | नीमकाथाना | फैंन्सी स्टोर एवं सिलाई |
| 4 | महारानी SHG | दिवराला | श्रीमाधोपुर | दुध डेयरी |
| 5 | विनायक SHG | कोटडी धायलान | श्रीमाधोपुर | दुध डेयरी |
| 6 | राणी सती SHG | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | ब्यूटी पार्लर |
| 7 | अमन SHG | सीकर | सीकर | लाख की चुड़िया |
| 8 | हुरेरा SHG | सीकर | सीकर | मुर्ती बनाना |
| 9 | सैंयद SHG | इस्लामपुर | झुंझुंनू | लाख की चुड़िया निर्माण |
| 10 | गौरी बैंग्लस SHG | इस्लामपुर | झुंझुंनू | लाख की चुड़िया निर्माण |

नाबार्ड के सहयोग से 15 स्वंय सहायता समूह की दिनांक 24.04.2017 व 25.04.2017 तक पदाधिकारीयों की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया जिसमें खादी ग्रामोउधोग के द्वारा महिलाओं के कल्याणकारी योजना व महिलाओं को अमर चरखा कताई के बारे में जानकारी दि किस प्रकार एक महिला कताई करके अपना जीवन यापन करती है एवं इसके अलावा संस्था के द्वारा अगरबती, साबुन उत्पादन एवं विपणन के बारे में जानकारी दी महिला अधिकारिता विभाग के कार्यक्रम अधिकारी विप्लव न्यौला ने महिला अधिकारिता विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व घरेलू हिसां अधिनियम 2005 व महिला सलाह एवं सुरक्षा केन्द्र के बारे में जानकारी दी।



(स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को सम्बोधित करते हुये नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक आलोक एन. पुष्पक उपस्थित स्वंय सहायता समूह की महिलायें)



शंकर स्वंय सहायता समूह श्रीमाधोपुर की महिलाये राखी बनाते हुये)

Zila Paryawaran Sudhar Samiti

## राजीव गांधी शिशु पालना ग्रह (क्रेच)

संस्था राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड के सौजन्य से राजीव गांधी शिशु पालना गृह परियोजना के तहत बुहाना तथा खेतड़ी पंचायत समिति के क्षेत्र में 6 शिशुपालना गृहों का संचालन कर रही है। इनमें कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष तक 150 से अधिक बच्चो के पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा के साथ–साथ उनके स्वास्थ्य की देखभाल करने का कार्य कर रही है इसके अलावा संस्थान द्वारा बच्चो की माताओं को स्वंय सहायता समूहो से भी जोड़ा गया है।

## बालिका आश्रय गृह

बालिका आश्रय गृह बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान–सरकार जयपुर से पंजीकृत है संस्था द्वारा चुरू जिले के जिला मुख्यालय पर बालिका आश्रय गृह का मार्च 2015 से संचालन किया जा रहा है जिसमे 1 अप्रेल 2017 से 31 मार्च 2018 तक कुल 25 बच्चीयां बालिका आश्रय गृह में आई जिसमें से 02 बच्ची आसाम से मानव तस्करी के परिवाद में आई जिनको चाईल्ड लाईन, व पुलिस प्रशासन के सहयोग से उनके घर भिजवाया गया। परिवार के द्रुव्यवहार से प्रताड़ित 3 बालिका, घर से भागी हुई व प्रेम प्रंसग में फंसी 10 बालिका, गुमशुदा 2, बाल अपचारी 01, व भिक्षावृति करती हुई 9 बालिका आई जिनको बालिका आश्रय गृह में प्रवेश दिलवाया गया जिनको कुछ दिनों के लिए बालिका आश्रय गृह में आश्रय दिया गया भिक्षावृति बालिका को प्रारम्भिक शिक्षा से जोड़ा गया। 26 नवम्बर 2017 को संविधान दिवस पर संस्था द्वारा संचालित बालिका आश्रय में राज्य सरकार के दिशा निर्देशो के अनुसार संविधान दिवस समारोह मनाया गया। संविधान की मुल अधिकारों, कर्तव्यों के बारे में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक के सचिव राजेश कुमार दड़िया द्वारा बताया गया। सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग की परिविक्षा एवं कारागृह अधिकारी मोहम्मद अशफाक खान ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलवाई गई।

संस्था को वर्ष 2016 का चुरू जिले में बालिका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 24 जनवरी 2018 राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला अधिकारिता विभाग जयपुर द्वारा झालाना संस्थानिक क्षेत्र के नेहरू भवन सभागार में राजस्थान महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती सुमन शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती रोली सिंह, महिला अधिकारिता विभाग की आयुक्त श्रीमती ऋचा खोड़ा द्वारा राजस्थान स्टेट अवार्ड ''गरिमा बालिका सरंक्षण'' पुरस्कार प्रमाण पत्र, शिल्ड व 25 हजार के चैक से सम्मानित किया गया।





(गरिमा बालिका सरंक्षण पुरस्कार प्राप्त करते संस्था अध्यक्ष व निराश्रित बालिका गृह योजना के तहत कच्ची बस्ती की बालिकाओं को मनोंरजन करवाते संस्था के कार्यकर्ता)

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से संस्था द्वारा प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी की आकांक्षा अनुसार झुंझुंनू व चुरू जिले में गरीब जन को सस्ती दर पर दवाईयां उपलब्ध होने के क्रम में जन औषधी केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। जिसके माध्यम संस्था द्वारा 10 सितम्बर 2017 को वैशाली हॉस्पिटल जयपुर के तत्वाधान से निशुल्क चिकित्सा परार्मश शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डाक्टर जे0पी0 ठाकुरिया द्वारा दूरबीन सर्जरी एवं पाईल्स रोग विशेषज्ञ, डा0 पी0 पाठक नाक–कान–गला रोग विशेषज्ञ, डा0 जितेश जैन हड्डी एवं जोड़ रोग ऑर्थोस्कोपी विशेषज्ञ द्वारा परामर्श शिविर का आयोजन प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक स्थान आर.बी.सैन हॉस्पिटल, बीरबल बाजार, चुरू रोड़ झुंझुंनू में आयोजित किया गया। जिसमें झुंझुंनू शहर व बाहर के लगभग 257 मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श व निशुल्क दवाई दी गई।



(निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते वरिष्ट जन एवं संस्था अध्यक्ष)

इसी क्रम में चिकित्सों की हड़ताल होने पर जन औषदी केन्द्र चुरू व चाईल्ड हैल्प लाईन 1098 की तरफ से भी दिनांक 12.11.2018 को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 282 मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श व निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया साथ ही अल्पाहार की व्यवस्था भी कि गई।

## राजीव गांधी उद्यमिता मित्र योजना

भारत सरकार के सुक्ष्म लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय के द्वारा राजस्थान प्रदेश के उद्यमियों को पथ–प्रदर्शक व मार्ग दर्शन के लिए संस्था का वर्ष 2010 में चयन हुआ। इस योजना के तहत संस्था ने 2017– 18 में 10 उद्यमियों का चयन करवाकर, उनके उद्यम स्थापना हेतू उनका मार्ग दर्शन करना, ऋण आवेदन–पत्र तैयार कर बैंको से ऋण दिलवाना साथ ही उनके उधागों की ईकाई स्थापित करवाना, उधोगों में बिजली कनेक्शन, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण से उनको एन.ओ.सी. का प्रमाण पत्र दिलवाना आदि कार्य सम्पन्न किये गये।

## महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती

संस्था द्वारा दिनांक 02.10.2017 को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम सकंल्प दिवस के रूप में जिला जेल कारागृह झुंझुंनू में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर दिनेश कुमार यादव, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश सोनी, पालिका पूर्व उपाध्यक्ष पवन पुजारी, ब्राहम्ण महासभा के उमाशंकर महमिया, कारागृह उपाधिक्षक श्री मोईनुदीन पठान उपस्थित थे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर द्वारा बताया गया की अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी को भी हिंसा का शिकार

होना पड़ा लेकिन भारतीयता और मानवता के लिए महात्मा गांधी का योगदान भारतीयता के लिए अस्मरणीय रहेगा। इस अवसर संस्था अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के द्वारा भी अपना 49 जन्मदिवस बंदी भाईयों के बीच फल वितरण कर मनाया। इस अवसर पर राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल में भी मरीजों को मिठाई व फल वितरण किया गया।





(गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जंयती पर उपस्थित अतिथि गण व जिला जेल में बंदी भाईयों को अहिंसा के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त करते संस्था अध्यक्ष राजेश अग्रवाल)

## बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम

दिनांक 04 अप्रेल 2017 को संस्था द्वारा चाईल्ड हैल्प लाईन 1098 के सौजन्य से चुरू जिले के ग्रांम बुटिंया में बाल विवाह मुक्त ग्रांम के शपथ समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य बाल सरंक्षण आयोग की अध्यक्षा श्रीमती मनन चतुर्वेदी, चुरू पुलिस अधीक्षक राहुल बारहठ, उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार, विकास अधिकारी दीनबंधू सुरोलिया, जिला बाल सरंक्षण समिति की अध्यक्ष संतोष मासुम, सीडीपीओं सीमा सोनगरा, तहसीलदार नवनी भगवती, ग्रांम सरंपच सूरजाराम प्रजापत चाईल्ड लाईन चुरू के निदेशक राजेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे इस अवसर पर चाईल्ड लाईन टीम द्वारा लघु नाटिका के माध्यम से ''बाबुल छोटी सी उम्र में परणाईयों मत ना'' गीत प्रस्तुत कर ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी। चाईल्ड निदेशक राजेश अग्रवाल द्वारा बताया गया कि हम सबको एक साथ आवाज उठाने की जरूरत ''बेटी पढ़ेगी तो समाज बढ़ेगा'' अध्यक्षा श्रीमती मनन चतुर्वेदी द्वारा अग्नि के समक्ष सभी ग्रामीण महिलाओं, पुरूषों, लड़को व लड़कियों को ''बाल विवाह न करेंगे व होने दूंगा'' की शपथ व संकल्प दिलाया व बुंटिया ग्रांम को बाल विवाह मुक्त ग्रांम घोषित किया गया।





(बुटिंया गांव में बाल विवाह न करने व न होने देगें की अग्नि को साक्षी मानकर शपथ लेते शपथ लेते ग्रामीण जन व दीप प्रज्जवलित करते अतिथिगण)

दिनांक 23.04.2018 को संस्था के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में नवलगढ़ तहसिल के ग्रांम पचांयत परसरामपुरा पुराना में बाल विवाह मुक्त व बाल मैत्री ग्रांम पंचायत कार्यक्रम जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सरोज चौधरी, मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी दुर्गाप्रसाद, विशिष्ट अतिथि डीएसपी प्रभातीलाल, महिला अधिकारिता विभाग के कार्यक्रम अधिकारी विप्लव न्यौला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त जिला न्यायाधिश विनोद बांगड़ी व संस्था अध्यक्ष राजेश अग्रवाल व ग्रामीण जन आदि उपस्थित थे ग्रामीण जन समुदाय को अग्नि के समक्ष बाल विवाह नही करने व नही होने देने व बाल विवाह मुक्त गांव बनाने की शपथ दिलवाई व 1000 से अधिक संकल्प पत्र भरवाये इस अवसर पर ग्रांम पचांयत के सरंपच किशनदास ने यह विश्वास दिलाया कि ग्रांम पचांयत में बाल विवाह पर प्रभावी अकुंश लगाना उनकी सामूहिक जिम्मेदारी होगी।





(जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त जिला न्यायाधिश द्वारा ग्रामीण जन व मंचाशीन अतिथिगणों को बाल विवाह नही करने व नही होने व बाल विवाह मुक्त गांव बनाने अग्नि के सामने संकल्प दिलवाते हुये)

## ई-शक्ति परियोजना

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से स्वंय सहायता समूह को ऑन लाईन डिजिटाईलेसन करने का प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ। आलोक एन0 पुष्पक जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड द्वारा स्वंय सहायता समूहों को डिजिटाईलेसन करने के लिए प्रशिक्षण भी करवाया गया जिसमें संस्था के 5 एनिमेटर्स द्वारा 158 स्वंय सहायता समूहों ऑन लाईन किया गया।






(नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक आलोक एन. पुष्पक व तकनीकि विशेषज्ञ मुकेश शर्मा द्वारा प्रशिक्षणार्थीयों को प्रशिक्षण लेते हुये)

## संस्था की 25 वी वर्षगांठ (रजत जंयती)

संस्था का 17 फरवरी 1992 में वैधानिक रजिस्ट्रेशन करवाया गया जिसके तहत संस्था को 17 फरवरी 2017 तक निरन्तर सामाजिक गतिविधियों का सफलता पूर्वक कार्य करते हुये 25 वर्ष पूर्ण किये गये। जिसके उपलक्ष में संस्था ने 15 अगस्त 2017 को श्री चंचल जी नाथ जी के टीले पर संस्था के 25 साल पुरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन वृक्षारोपण उत्सव, सामप्रदायिक सदभाव व स्मारीका का विमोचन किया गया। देवस्थान विभाग के राज्यमंत्री मुख्य विशिष्ट अतिथि, अध्यक्षता जिला कलेक्टर दिनेश कुमार यादव ने की। अतिथियों के रूप में पुलिस अधिक्षक मनीष अग्रवाल, उपजिला प्रमुख बनवारीलाल सैनी, कमरूदीनशाह की दरगाह के गदीनसीन एजाजनबी, टीले के पीठाधिश्वर ओमनाथ महाराज, डॉ दयाशंकर बावलिया, वैद्य रामावतार शर्मा, उपवन संरक्षक आर.एन.मीना, नगर परिषद सभापति सुदेश अहलावत द्वारा कल्पवृक्ष और कदम के वृक्ष लगाए गए पेडों की देखरेख का संकल्प दिलवाया।





(देवस्थान विभाग के राज्यमंत्री श्री राजकुमार रिणंवा, जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधिक्षक के द्वारा कल्पवृक्ष की पूजा करते हुये व संस्था के स्टॉफ अध्यक्ष व समस्त स्टॉफ के समूह फोटो खिचंवाते हुये)

संस्था की रजत जयंती पर आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र चुरू में दूर्गा नवमी के समापन आपणी पाठशाला व कच्ची बस्तियों की 108 बच्चियों की देवी स्वरूप विधि विधान से पूजा करवाई गई। इन 108 बच्चियों को भोजन, प्रतीक चिन्ह व देवी का प्रतिक चुनढ़ी उड़ाकर सम्मानित किया गया।

## नमक जांच

हैण्ड फॉर हैल्प सोसायटी जयपुर के सहयोग से संस्था द्वारा डिस्ट्रक्टि पाटर्नर के रूप में आयोडिन की जांच करने के लिए झुंझुनू जिले के झुंझुनू, चिड़ावा, बगड़, मण्ड्रेला, व चुरू जिले से चुरू, रतनगढ़, सरदारशहर, सुजानगढ़, व राजगढ़ से नमक की 10 कम्पनियों, आंगनबाडी केन्द्र, सरकारी व निजी स्कूलों के हॉस्टलों से 200 ग्राम के सैंपल के पैकेट बनाकर आयोडिन की जांच के लिए नमक को जयपुर भिजवाया गया ताकि मार्केट में नमक की क्वालिटी का पता चले जिससे गांव–गांव में जागरूकता फैलाई जाये।

## राष्ट्रीय महिला कोष मुख्य ऋण योजना

महिला एंव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सौजन्य से संस्था द्वारा राष्ट्रीय महिला कोष मुख्य ऋण योजना के तहत संस्था द्वारा संचालित समूह की महिलाओं को आय सर्जन गतिविधि को बढ़ावा देने के उदेदश्य के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है इस दौरान सीकर, झुंझुनू व

चुरू जिले के उत्कृष्ट 40 स्वंय सहायता समूहो की 69 महिलाओं को स्वरोजगार बढ़ाने के लिए कुल 2090000 अक्षरे राशि बीस लाख नब्बे हजार राशि का वितरण किया जा चुका है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि बैंक ऋण से भी कम ब्याज दर पर ऋण मिलने के कारण महिलाऐं अपने रोजगार को बढ़ाने में सफल रही है।

## नवजीवन योजना

संस्था द्वारा समाज कल्याण विभाग चुरू के सहयोग से दिनांक 26.01.2018 से 26.02.2018 तक नवजीवन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे स्तर पर अपना जीवन यापन कर रहे है जैसे डोम, डोली, नट, सांसी, राणा, भांड, भाट, मुंगिया कुल 488 परिवारों का सर्वे किया गया जिनमें सर्वे के आधार पर बच्चो को शिक्षा से जोड़ा गया व साथ ही बेरोजगार युवाओं को इच्छुक प्रशिक्षण दिया गया। यह सर्वे चुरू, सुजानगढ़ व रतनगढ़ ब्लॉक में किया गया।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण योजना, मुख्य मंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत् डाटा एन्ट्री ऑपरेटर उपलब्ध करवाये गये जिसमें कई बेरोजगार युवाओं को रोजगान्मुखी करवाया गया। बेटी बचाओ अभियान, पल्स पोलियो अभियान व विटामिन– ए के लिए प्रचार–प्रसार का कार्य किया संस्था द्वारा समय–समय पर संस्था कर्मी को विभिन्न विभागो द्वारा करवाये जा रहे प्रशिक्षणो में भाग लिया गया है।

चुरू की मुख्य अनुदेशिका श्रीमती गुड्डी देवी ने सामाजिक व्यवहार परिर्वतन सम्प्रेषण दिनांक 25 अप्रेल 2017 से 27 अप्रेल 2017 तक, महिला एवं बाल विकास विभाग जयुपर के सहयोग से दिनांक 10 अगस्त 2017 से 12 अगस्त 2017 तक जयपुर में स्तनपान एवं शिशु पोषण व 15 मई से 16 मई 2017 ECE जयपुर मे, 23 मई से 25 मई 2017 लीड्शीप व कम्युनिकेशन स्किल दिल्ली मे, बाल अधिकारिता विभाग जयपुर के सहयोग से 28 नवम्बर 2016 से 30 नवम्बर 2016 तक ऑरिटेंशन प्रशिक्षण एवं चाईल्ड प्रोटेक्शन फॉर सेन्टेशन ऑफ ऑपन शेल्टर अण्डर आईसीटीस में प्रशिक्षण प्राप्त किया। दिनांक 23.05.2017 से 25.05.2017 तक विश्व युवा केन्द्र के द्वारा श्रीमती राजेश देवी द्वारा लीड्रशीप एवं कम्यूनिकेशन स्किल दिल्ली में प्रशिक्षण प्राप्त किया। 21.07.2017 से 23.07.17 में श्रीमती अनु कंवर मुख्य अनुदेशिका के द्वारा ECE जयपुर में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

# झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति

द्वारा

संचालित भारत सरकार, राजस्थान सरकार, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), नेहरू युवा केन्द्र व जिला प्रशासन सीकर, झुन्झुनूं व चूरू आदि के सौजन्य से संचालित परियोजनाओं की सूची :–

वर्ष 2017–2018

1. पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम (Envoirment Conservation Programmes)
2. स्वयं सहायता समूह (S.H.G) JhunJhunu 250, Sikar 200
3. दीनदयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन सीकर व चुरू (N.U.L.M.)
4. चिकित्सा एवं स्वास्थय (Medical & Health)
5. राजीव गांधी शिशु पालनागृह क्रेच (पालनागृह) (Creach)
6. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र, चुरू (A.W.T.C.)
7. महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र झुंझुनू व अजमेर (M.S.S.K.)
8. भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम (F.F. & C.M.)
9. राजीव गांधी उद्यमी मित्र योजना (R.G.U.M.Y.)
10. राजस्थान वानिकी एंव जैव विविधता परियोजना –II(R.F.B.P.)
11. स्वंय सहायता समूहो को आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से ऋण प्रदान करना।
12. बालिका आवासीय गृह, चुरू
13. चाईल्ड हैल्प लाईन, चुरू नई दिल्ली 1098
14. जन औषधी केन्द्र झुंझुनू व चुरू ।
15. सखी वन स्टॉप सेन्टर झुंझुनू व अजमेर।
16. स्वंय सहायता समूह को डिजिटाईलंशन कार्यक्रम।
17. राष्ट्रीय महिला कोष मुख्य ऋण योजना (R.M.K.)

Jhunjhunu Zila Paryawaran Sudhar Samiti

# संस्था द्वारा किये गये कार्यक्रमो की अखबार कटिंग



कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001

समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 20.........20.........

मरुवेदना

सोमवार/29 जनवरी / 2018

झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति को मिला गरिमा बालिका स्टेट अवार्ड

हस्ताक्षर
राजेश अग्रवाल



कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001

समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 20.........20.........

www.पत्रिका.भारत

राजस्थान पत्रिका

हस्ताक्षर
राजेश अग्रवाल



कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001

समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 20.........20.........

दैनिक नवज्योति

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

हस्ताक्षर
राजेश अग्रवाल



कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001

समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 20.........20.........

दैनिक उद्योग आस-पास

राजेश अग्रवाल ने अपना 49वां जन्मदिन अनूठे तरीके से मनाया

हस्ताक्षर
राजेश अग्रवाल

# संस्था द्वारा किये गये कार्यक्रमो की अखबार कटिंग



कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001

समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 20.........20.........

दैनिक उद्योग आस-पास

सलाह केंद्र का लिया जायजा

हस्ताक्षर
राजेश अग्रवाल



कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति

समाचार प... 2017.....2018.....

चूरु-बीकानेर-आस पास

राष्ट्रदूत

बाल विवाह एक अपराध व सामाजिक अभिशाप है : मनन चतुर्वेदी



कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001

समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 2017.....2018.....

महिलाएं नगद लेन - देन ना कर मोबाइल एप व बैंकों पर विश्वास करें-चौधरी

हस्ताक्षर
राजेश अग्रवाल



कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001

समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 2017.....2018.....

राजस्थान पत्रिका

बाल विवाह रोकने की ली शपथ

हस्ताक्षर
राजेश अग्रवाल

# संस्था द्वारा किये गये कार्यक्रमो की अखबार कटिंग


कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001
समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 2017.....2018.....

चूरू-बीकानेर-आस पास

बूंटिया: जिले की बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत

"बाल विवाह न करेंगे - न होने देंगे" की शपथ ली गई


कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001
समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 2017.....2018.....

राष्ट्रदूत

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कर्तव्य निर्वहन करने का संकल्प दिलाया


कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001
समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 2017.....2018.....

दैनिक नवज्योति

14

चार होटलों से बालश्रमिक निरूद्ध किए

हस्ताक्षर
राजेश अग्रवाल


कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001
समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 2017.....2018.....

चूरू-बीकानेर- आस-पास

कन्याओं को तिलक व चुनरी ओढ़ाई

हस्ताक्षर
राजेश अग्रवाल

# संस्थान का प्रशासनिक कार्यालय

राजकीय महल बालिका प्राथमिक स्कूल के सामने, वार्ड न. 37 झुन्झुनू ( राज. )
Tel.& Fax No. :- 01592-230952, 239089
E-mail : jzpss_cl@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com
childline1098churu@gmail.com
Website:- www.jzpss.org




# क्षैत्रीय कार्यालय

आंगनबाडी कार्यक्रर्ता प्रशिक्षण केन्द्र
सामुदायिक भवन के पीछे, अग्रसेन नगर,
ज्योति नगर चुरू ( राज. )
फोन न. 01562-254586, 250700, 250813
Email-Id :- childline1098churu@gmail.com

पंसारी हवेली, अग्रवाल समाज के सामने,
रींगस बाजार, श्रीमाधोपुर जिला सीकर
फोन न. 9461544152, 9799282898